**सं. ए-42011/01/2023-समन्वय**
भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
समन्वय प्रभाग

निर्माण भवन, नई दिल्ली,
दिनांक: ०९, अक्टूबर, 2024

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय- मंत्रिमंडल के लिए** अगस्त, **2024 माह प्रमुख गतिविधियों पर मासिक सारांश**

अधोहस्ताक्षरी को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय की प्रमुख गतिविधियों पर अवर्गीकृत मासिक सारांश की एक प्रति अगस्त, **2024** के माह के लिए अग्रेषित करने का निदेश दिया गया है।

सलग्नक: यथोपरोक्त

(एन पैट्रिक एक्का)
अवरसचिव,भारत सरकार
दूरभाष-23061062

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।

संलग्नकों सहित अग्रेषित प्रति:

1. भारत सरकार के सभी सचिव
2. आईटी सेल, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

अनुलग्नक

अगस्त, 2024 माह के दौरान आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों/कार्यक्रमों का सारांश निम्नानुसार है:

## I. स्वच्छ भारत मिशन

i. इस योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 58.99 लाख व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के मिशन लक्ष्य की तुलना में इस माह 3,027 व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है, जिससे निर्मित शौचालयों की कुल संख्या 63.68 लाख तक पहुंच गई है।

ii. इस माह के दौरान 33 वार्डों में 100% डोर-टू-डोर संग्रह का विस्तार हुआ है, जिससे वार्डों की कुल संख्या 93,569 वार्डों (कुल 96, 107 वार्डों में से) तक पहुंच गई।

iii. 100% स्रोत पृथक्करण में 54 वार्डों की वृद्धि हुई, जिससे कुल वार्डों की संख्या 87,056 हो गई।

## II. स्मार्ट सिटी मिशन

i. माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने 07.08.2024 को मनीमाजरा , चंडीगढ़ में 24x7 जल आपूर्ति परियोजना का उद्घाटन किया ।

ii. आईटी भवन, अगरतला में अगरतला स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) के नए डेटा सेंटर का 05.08.2024 को अनावरण किया गया।

iii. लखनऊ स्मार्ट सिटी ने 21.08.2024 को सेंट्रल जोन के लिए जोनल कंप्लीट-ओ-थॉन की मेजबानी की, जिसमें 3 राज्यों के 20 स्मार्ट शहरों के प्रतिनिधि एक साथ आए। सम्मेलन के महत्वपूर्ण क्षेत्र - परियोजना का पूरा करना और विशेष प्रयोजन तंत्रों को बनाए रखने के लिए राजस्व जुटाया था।

iv. माह के दौरान 101 करोड़ रुपये की लागत वाली 13 परियोजनाएं पूरी की गईं। कुल मिलाकर 1,45,312 करोड़ रुपये की लागत वाली 7,244 परियोजनाएं स्मार्ट सिटी योजना के तहत पूरी की गईं।

## III. अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत)

**अमृत**

i. इस माह के दौरान 512 करोड़ रुपये की लागत वाली 18 परियोजनाएं पूरी हो गईं है।

ii. इस माह में कुल 31 करोड़ रुपये के कार्य निष्पादित किए गए हैं।

iii. अब तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने 83,371 करोड़ रुपये की 5,996 परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें से 77,876 करोड़ रुपये की परियोजनाएं जमीनी स्तर पर निष्पादित की जा चुकी है।

**अमृत 2.0**

मासिक उपलब्धि

i. 2,857.90 करोड़ रुपये की लागत वाली 302 परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) को अनुमोदित किया गया है।

ii. 4,078.63 करोड़ रुपये की लागत वाली 286 परियोजनाओं के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) जारी की गई है ।

iii. 4,521.10 करोड़ रुपये की लागत वाली 332 परियोजनाओं के लिए ठेके दिए जा चुके हैं।

संचयी उपलब्धि

i. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत 1,82,568.98 करोड़ रुपये की लागत वाली 8,205 परियोजनाओं के लिए राज्य जल कार्य योजनाएं अनुमोदित की गई हैं।

ii. 1,19,444.59 करोड़ रुपये की लागत वाली 6,537 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) अनुमोदित की गई है।

iii. 1,08,014.56 करोड़ रुपये की लागत वाली 5,702 परियोजनाओं के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) जारी की गई है।

iv. 77,620.55 करोड़ रुपये की लागत वाली 4,590 परियोजनाओं के लिए ठेके दिए गए हैं।

v. 929.72 करोड़ रुपये की लागत वाली 649 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

## IV. पीएम पथ विक्रेता आत्म निर्भर निधि (पीएम स्वनिधि)

i. अगस्त, 2024 माह के दौरान 44 करोड़ रुपए मिशन के तहत जारी किए गए हैं।

ii. पीएम स्वनिधि के अंतर्गत अगस्त 2024 तक 1, 12,47,230 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 92,18,438 आवेदन संस्वीकृत किए गए और 88,00,716 ऋण संवितरित किए गए।

## V. प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)/सभी के लिए आवास (एचएफए)

i. मिशन की शुरूआत से लेकर अब तक मिशन ने 1.19 करोड़ आवासों को स्वीकृति दी है, जिनमें से 114.50 लाख आवासों का निर्माण कार्य शुरू हुआ है और इनमें से 86.40 लाख आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है/ये आवास लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं।

ii. इस माह के दौरान 370.30 करोड़ रुपए जारी किए □□, जिससे जून 2015 में शुरूआत से लेकर अब तक जारी कुल संचयी राशि 1,64,703 करोड़ रुपये हो गई।

## VI. आवास

इस माह के दौरान भू-संपदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम 2016 के अंतर्गत की गई प्रगति:

(i) 1,162 भू-संपदा परियोजनाएं पंजीकृत की गईं।

(ii) 1,079 भू-संपदा एजेंट पंजीकृत किए गए।

(iii) विभिन्न भू-संपदा विनियामक प्राधिकरणों द्वारा 1,942 शिकायतों का निपटान किया गया।

देश भर में रेरा के तहत कुल 1,32,252 भू-संपदा परियोजनाएं और 89,74 भू-संपदा एजेंट पंजीकृत हैं। देश भर में रेरा द्वारा निपटाई गई शिकायतों की कुल संख्या 1,27,297 है।

**VII. केंद्रीय लोक निर्माण विभाग**

i. केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने रक्षा मंत्रालय के साथ समन्वय करके 15.08.2024 को 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्था की है ।

ii. अगरत ला में 07.08.2024 से 09.08.2024 तक एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) के कार्यान्वयन पर सीपीडब्ल्यूडी द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।